कन्हैया छोड़ दे मेरो हाथ

कन्हैया छोड़ दे मेरो हाथ,
मोहे अब दे जाने दे कान्हाँ,
जाने दे कान्हा,
मोहे अब जाने दे कान्हा,
तेरो मैं कैसे छोड़ू तेरो हाथ,
आज तो माखन है खाना।

रोज रोज यूँ तंग करनो तेरो,
ठीक नहीं है कान्हा,
ठीक नहीं है कान्हाँ,
आते जाते रस्ता रोके,
माखन तो है तेरो बहाना,
छुप गया सूरज हो गई रात,
मोहे अब जाने दे कान्हा,
कन्हैया छोड़ दे मेरो हाथ,
मोहे अब दे जाने दे कान्हाँ,

पहले माखन दे फिर छोड़ू,
है ये अटल इरादा,
मुरली की फिर तान सुनाऊँ,
करता हूँ ये वादा,
राधे करता हूँ ये वादा,
राधे समझ मेरे जज़्बात,
आज तो माखन है खाना,
मोहे अब जाने दे कान्हा,
तेरो मैं कैसे छोड़ू तेरो हाथ,
आज तो माखन है खाना।

प्यार से माखन मांगो कान्हा,
चले ना जोरा जोरी,
करूँ शिकायत मैया से आवे,
अकाल ठिकाने तोरी,
मोहे नहीं रहनो अब तेरो साथ,
मोहे अब जाने दे कान्हा,
कन्हैया छोड़ दे मेरो हाथ,
मोहे अब दे जाने दे कान्हाँ,

बोले कान्हा सुन ले राधे,
क्यों ज्यादा इतराये,
तोहे कसम मेरे प्यार की जो ना,
मोहे माखन तू खिलाए,
लिखे भीमसैन जब हालात,

श्याम राधे का दीवाना,
मोहे अब जाने दे कान्हा,
तेरो मैं कैसे छोड़ू तेरो हाथ,
आज तो माखन है खाना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21451/title/kanhiya-chod-de-mero-hath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |